University in News on 16 April 2025

AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

लविवि में मारपीट करने के आरोपी आठ छात्र निलंबित

नौ अप्रैल को विश्वविद्यालय परिसर में छात्र पर किया था जानलेवा हमला

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्र पर जानलेवा हमला करने के आरोपी आठ छात्रों को विवि प्रशासन ने मंगलवार को निलंबित कर दिया। इन्हें नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा गया है। ऐसा न करने पर छात्रों को विश्वविद्यालय से निकाल दिया जाएगा।

विश्वविद्यालय में नौ अप्रैल को मुख्य परिसर स्थित गेट नंबर एक के पास मैत्री भवन के सामने एक छात्र पर आठ छात्रों ने डंडे, ईंट, बेल्ट से हमला कर दिया था। मामले में बीकॉम ऑनर्स द्वितीय वर्ष के छात्र आयुष पाठक, बीकॉम ऑनर्स तृतीय वर्ष के छात्र रितिक राय, बीए द्वितीय वर्ष के छात्र विनय सिंह, बीए प्रथम वर्ष के छात्र मार्तंड विक्रम सिंह, बीए द्वितीय वर्ष के छात्र विक्रांत सिंह, बीए द्वितीय वर्ष के छात्र उदित नारायण, एमए प्रथम वर्ष के छात्र यशराज सिंह, एमए भूगोल प्रथम वर्ष के छात्र अग्निवेश दुबे को निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही कुलसचिव ने इनसे तीन दिनों के भीतर जवाब मांगा है। जवाब न देने पर विवि से निकासित कर दिया जाएगा।

नोटिस जारी कर तीन दिन में मांगा गया जवाब

जवाब न देने पर विश्वविद्यालय से निकाल दिया जाएगा

घटना के दूसरे दिन भी छात्रों ने किया था हंगामा

घटना के अगले दिन भी कई छात्रों ने हंगामा करते हुए कुलपति आवास का घेराव किया था। इस दौरान आईटी चौराहे पर जाम लग गया था। शाम को छात्रों के एक गुट ने आईटी चौराहा जाम कर प्रदर्शन किया था। इस दौरान काफी देर तक हंगामा चला था। इससे चौराहे से गुजरने वाला ट्रैफिक प्रभावित होने के साथ जाम लग गया था।

बीए, बीएससी व बीकॉम की परीक्षाएं तीन मई से

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से बीए, बीएससी और बीकॉम की सम सेमेस्टर-2025 का अनंतिम परीक्षा कार्यक्रम मंगलवार को जारी कर दिया गया। परीक्षाएं तीन मई में शुरू होंगी।

परीक्षा कार्यक्रम वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। विश्वविद्यालय की ओर से सुझाव भी मांगे गए हैं। छात्र 19 अप्रैल की शाम तक परीक्षा नियंत्रक को सुझाव भेज सकते हैं।

बीए द्वितीय, बीए चतुर्थ और बीए छठे समेस्टर की अलग-अलग विषयों की परीक्षा तीन मई से शुरू होकर 14 जून तक चलेंगी। कुछ पेपर एक से दो दिन के अंतराल पर भी हैं।

बीएससी द्वितीय, चतुर्थ और छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं तीन से 27 मई तक चलेंगी। बीकॉम द्वितीय, चतुर्थ और पांचवें समेस्टर की परीक्षाएं छह से 15 मई तक होंगी।

19 की शाम तक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा संबंधी सुझाव दे सकते हैं विद्यार्थी

छात्र ई-मेल और व्हाट्सएप से दे सकते हैं सुझाव : छात्र विश्वस्तर परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर देख सकते हैं। इसके बाद परीक्षा नियंत्रक के ईमेल coe@lkouniv.ac.in और व्हाट्सअप नंबर 7991200506 पर सुझाव भेज सकते हैं।

परीक्षा का समय

परीक्षा का समय पहली पाली में सुबह 8:30 से 10 बजे तक है। दूसरी पाली में सुबह 11 से दोपहर 12:30 बजे तक और तीसरी में दोपहर 02 से 3:30 बजे तक परीक्षा होगी।

लविवि को मिलेंगे 100 कम्प्यूटर

लखनऊ। पीएम उषा स्कीम के तहत लखनऊ विवि को 100 कम्प्यूटर मिलेंगे। इनका इस्तेमाल विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए किया जाएगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि पुराने कम्प्यूटर अब आंगनबाड़ी केंद्रों को उपलब्ध करा दिए जाएंगे। इससे बच्चों को कम्प्यूटर का शुरुआती ज्ञान मिल सकेगा। इससे पहले भी लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से आंगनबाड़ी केंद्रों को खिलौने और पुस्तकें दी गई हैं। (संवाद)

नए छात्रों को दीं जानकारियां

लखनऊ। लविवि में एमकॉम, एमबीए, एमएसडब्ल्यू, एमए अंग्रेजी, पॉलिटिकल साइंस और बीबीए के ऑनलाइन शिक्षा प्रोग्राम में प्रवेश पाए नए छात्रों को जानकारियां दी गईं। दोपहर एक से शाम छह बजे तक आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. पीयूष भार्गव ने की। उन्होंने छात्रों को लविवि का इतिहास बताया। (संवाद)

NBT PAGE 6

LU: मारपीट के मामले में 7 छात्रों का निलंबन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय में 9 अप्रैल को हुई मारपीट के मामले में मंगलवार को सात छात्रों को निलंबित कर दिया गया। एनवीटी की ओर से 12 अप्रैल को कार्रवाई न होने का मुद्दा उठाया गया था। इसके बाद प्रॉक्टर राकेश द्विवेदी ने मंगलवार को निलंबन का आदेश जारी कर दिया।

विवि के प्रॉक्टर की ओर से जारी आदेश में आयुष पाठक, रितिक राय, विनय सिंह, मार्तंड विक्रम सिंह, विक्रांत सिंह, उदित नारायण और यशराज सिंह को निलंबित किया गया है। इस मामले में एक अन्य छात्र अग्निवेश दुबे का पहले से निलंबन हो चुका है। सभी आरोपितों को तीन दिन में अपना जवाब देने को कहा गया है। संतोषजनक जवाब न देने पर विवि की ओर से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एलयू में 3 मई से होंगे एंड सेमेस्टर एग्जाम

■ NBT रिपोर्ट,लखनऊः एलयू में एंड सेमेस्टर की परीक्षाएं तीन मई से शुरू होने होने जा रही हैं। विवि ने मंगलवार को परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया। इसके तहत बीए व बीएससी की परीक्षाएं तीन मई जबकि बीकॉम की छह मई से होंगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि प्रस्तावित शेड्यूल विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। अगर किसी भी छात्र को कोई आपत्ति है या किसी भी परीक्षा का किसी अन्य परीक्षा के साथ क्लैश हो रहा है तो वह 19 अप्रैल तक विभाग को सूचित कर सकता है। उसमें संशोधन कर दिया जाएगा। अगर निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति नहीं आती है तो यही परीक्षा कार्यक्रम अंतिम होगा और इसी के मुताबिक परीक्षाएं कराई जाएगी।

आंगनबाड़ी में दिए जाएंगे पुराने कंप्यूटरः लखनऊ विश्वविद्यालय अब पुराने कंप्यूटरों की मरम्मत कर आंगनबाड़ी केंद्रों को दान करेगा। विवि को पीएम ऊषा योजना के तहत 100 कंप्यूटर मिलने जा रहे हैं। ऐसे में उनकी जगह पर जो पुराने कंप्यूटर आउटडेटेड हो चुके हैं उन्हें विवि आंगनवाड़ी केंद्रों को दान करेगा, जिससे वहां के छात्र बेसिक कंप्यूटर एजुकेशन हासिल कर सकेंगे। वीसी आलोक कुमार राय ने बताया कि बहुत से कंप्यूटर अब हमारे स्नातक और परास्नातक छात्रों के लिए उपयोगी नहीं हैं, ऐसे कंप्यूटर को चिह्नित करके, मरम्मत कराकर 100 से ज्यादा कंप्यूटर आंगनवाड़ी केंद्रों को उपलब्ध करा दिए जाएंगे। मरम्मत का जिम्मा अभियांत्रिकी संकाय के छात्रों को दिया जाएगा।

PIONEER PAGE 3

लविवि में मारपीट की घटना में शामिल सात छात्र निलंबित

लखनऊ। पिछले दिनों लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर स्थित मैत्रेयी भवन के समीप छात्र पर हुए प्राणघातक हमले के प्रकरण में कार्रवाई करते हुए मंगलवार को विवि प्रशासन ने सात छात्रों को निलंबित कर दिया है। निलंबित छात्रों को नोटिस जारी करते हुए तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है। स्पष्टीकरण मिलने के बाद विवि की तरफ से उचित कदम उठाया जायेगा। विवि के कुलानुशासक प्रो.राकेश द्विवेदी ने निलंबित छात्रों का परिसर प्रवेश प्रतिबंधित करने के साथ ही उनका छात्रावास आवंटन भी रद्द कर दिया है। विवि की तरफ से निलंबित किये गये छात्रों में बीकाम आनर्स द्वितीय वर्ष के आयुष पाठक, बीकाम आनर्स तृतीय वर्ष के रितिक राय, बीए द्वितीय वर्ष के विनय सिंह, बीए प्रथम वर्ष के मार्तण्ड विक्रम सिंह, बीए द्वितीय वर्ष के उदित नारायण और एमए प्रथम वर्ष के छात्र यशराज सिंह शामिल हैं। वहीं विवि की तरफ से घटना में शामिल व पूर्व से निलंबित चल रहे एमए प्रथम वर्ष के छात्र अग्निवेश का निलंबन बहाल रखा गया है।

पीएम उषा स्कीम में एलयू को मिले कंप्यूटर का होगा कौशल विकास में उपयोग

लखनऊ। पीएम उषा स्कीम के अंतर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय को 100 कम्प्यूटर उपलब्ध कराये जायेंगे। इन कम्प्यूटरों का उपयोग छात्रों के कौशल विकास के लिए किया जाएगा। विवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि इसके पहले विश्वविद्यालय में जो पुराने कंप्यूटर हैं, जो अब हमारे स्नातक और परास्नातक छात्रों के लिए बहुत उपयोगी नहीं रह गए हैं। ऐसे कंप्यूटर को चिह्नित करके, मरम्मत करके, उनको बाकि बनाकर 100 से ज्यादा कंप्यूटर राज्यपाल की प्रेरणा से विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर जो छोटे-छोटे बच्चे हैं, उनको कंप्यूटर की बेसिक नॉलेज प्राप्त हो सके और हमारा जो यह कंप्यूटर है वह भी आगे काम आ सके। बता दें कि अभियांत्रिकी संकाय के छात्रों द्वारा उपरोक्त कंप्यूटरों को मरम्मत करके, काम करने योग्य बना करके वितरित किए जाने की व्यवस्था की जा रही है।

i-NEXT PAGE 5

एलयू बवाल मामले में 7 स्टूडेंट्स को कर दिया गया निलंबित

i UPDATE

9 अप्रैल को यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स के बीच हुई थी मारपीट

वर्चस्व को लेकर हुई थी लड़ाई

9 अप्रैल को कैंपस में हुए संघर्ष का मुख्य कारण वर्चस्व था, जिसको लेकर 3 स्कॉलर और हॉस्टलर्स के बीच मारपीट हुई थी. घटना में कुछ बाहरी लोग भी शामिल थे, जिनके खिलाफ हजरतगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है और पुलिस इस मामले में एक्शन ले रही है.

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (15 April): लखनऊ यूनिवर्सिटी में 9 अप्रैल को दो छात्र गुटों के बीच वर्चस्व को लेकर हुई लड़ाई, मारपीट और 10 अप्रैल को आईटी चौराहे पर हुए बवाल और प्रदर्शन के बाद से यूनिवर्सिटी प्रशासन ने लगातार सख्त रवैया अपनाया हुआ है. यूनिवर्सिटी अब तक 17 छात्रों को नोटिस दे चुकी है और 1 दर्जन बाहरी लोगों के खिलाफ हजरतगंज थाने में केस भी दर्ज हो चुका है. जिसके बाद अग्रिम कार्यवाई करते हुए यूनिवर्सिटी प्रशासन ने मंगलवार को 7 छात्रों को निलंबित कर दिया. इसके साथ ही निलंबित छात्रों में हॉस्टलर्स को हॉस्टल से भी रस्टिकेट कर दिया गया है.

इन छात्रों को किया निलंबित

कुलानुशासक से मिले आदेश के मुताबिक, आयुष पाठक (बीकॉम, आनर्स, सेकेंड ईयर), रितिक राय (बीकॉम आनर्स, थर्ड ईयर), विनय सिंह (बीए, एनईपी, सेकेंड ईयर), मार्तंड विक्रम सिंह (बीए, एनईपी, फर्स्ट ईयर), विक्रांत सिंह (बीए, एनईपी, सेकेंड ईयर), उदित नारायण (बीए, एनईपी, सेकेंड ईयर), यशराज सिंह (एमए, एआईएच, फर्स्ट ईयर) के साथ ही अग्निवेश सिंह (एमए, फर्स्ट ईयर) जो कि सितंबर 2024 में निलंबित किए गए थे, का निलंबन इस घटना में भी जारी रखा गया है.

> यूनिवर्सिटी में किसी भी तरह की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जा सकती. 9 अप्रैल को हुए मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से लगातार कार्यवाई की जा रही है. इस क्रम में 7 छात्रों को निलंबित कर दिया गया है.
>
> **डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव,** प्रोफेसर, लखनऊ यूनिवर्सिटी

THE PIONEER PAGE 2

LU holds induction meet for students

PIONEER NEWS SERVICE ■ Lucknow

Lucknow University organised an online induction programme for new students admitted to M.Com, MBA, MSW. MA English, Economics, B.Com and BBA online education programs at LUCODE.

The students participated with great enthusiasm and got their doubts cleared.

The programme was inaugurated by Professor Piyush Bhargava, Director of Online Education. After that, the new students were welcomed by the Registrar of Lucknow University, Vidyanand Tripathi.

AMRIT VICHAR PAGE 7

हंगामा करने वाले 7 छात्रों को विवि ने किया निलंबित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में हंगामा, मारपीट करने और अशांति फैलाने वाले 7 छात्रों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए कुलानुशासक ने विश्वविद्यालय से निलंबित कर दिया गया है। इसी के साथ इन छात्रों का विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों में प्रवेश प्रतिबंधित करने के साथ छात्रावास आवंटन रद्द करते हुए समस्त विश्वविद्यालयीन सुविधाओं से वंचित कर दिया है।

जिन 7 छात्रों को निलंबित किया गया है उनमें आजमगढ़ निवासी आयुष पाठक, गाजीपुर जिले के मार्तण्ड विक्रम सिंह, रितिक राय, बलिया के विनय सिंह, देवरिया के यशराज सिंह, लखनऊ के उदित नारायण और गोंडा के विक्रांत सिंह शामिल है। उक्त छात्रों के खिलाफ थाना हसनगंज में प्राथमिकी भी दर्ज है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी किए पत्र का स्पष्ट उत्तर नहीं देने पर निलंबन की कार्रवाई करते हुए तीन दिनों का अवसर दिया गया है। यदि उक्त छात्र 3 दिनों के भीतर कुलानुशासक कार्यालय में उपस्थित होकर अपना लिखित स्पष्टीकरण नहीं देते तो अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय में मारपीट और हमला करने के आरोपी हैं छात्र

तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण नहीं दिया तो होगी बड़ी कार्रवाई

VoL PAGE 6

लविवि आंगनबाड़ी केंद्रों को देगा कम्प्यूटर

लखनऊ। पीएम उषा स्कीम में लखनऊ विश्वविद्यालय को लगभग सौ कंप्यूटर मिल रहे हैं, जिसका उपयोग छात्रों के कौशल विकास के लिए किया जाएगा। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि इसके पहले विश्वविद्यालय में जो पुराने कंप्यूटर हैं, जो अब हमारे स्नातक और परास्नातक छात्रों के लिए बहुत उपयोगी नहीं रह गए हैं, ऐसे कंप्यूटर को चिह्नित करके, मरम्मत करके, उनको बर्किंग बनाकर 100 से ज्यादा कंप्यूटर राज्यपाल की प्रेरणा से विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों को उपलब्ध करा दिए जायेंगे। इससे उन आंगनबाड़ी केंद्रों पर जो छोटे-छोटे बच्चे हैं उनको कंप्यूटर की बेसिक नॉलेज प्राप्त हो सके और हमारा जो यह कंप्यूटर है वह भी आगे काम आ सके। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी संकाय के छात्रों द्वारा इन कंप्यूटरों को मरम्मत करके, काम करने योग्य बना करके वितरित किए जाने की व्यवस्था की जा रही है।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 3

स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षा कार्यक्रम जारी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय स्नातक (बीए, बीएससी व बीकाम) सम सेमेस्टर-2025 की परीक्षाओं का अनन्तिम परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर उपलब्ध है। परीक्षा कार्यक्रम के सम्बन्ध में कोई सुझाव हो तो 19 अप्रैल की शाम 5 बजे तक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में ईमेल coe@lkouniv.ac.in अथवा व्हाट्सअप 7991200506 पर दे सकते हैं।

HT PAGE 3

LU SUSPENDS 7 STUDENTS OVER CAMPUS BRAWL

HT Correspondent
letters@htlive.com

LUCKNOW: At least seven students of Lucknow University have been suspended in connection with a violent clash that broke out on April 9 between two student groups.

The action was taken following an internal probe by LU, which termed the written explanations submitted by the accused students as false and misleading, a notice by chief proctor Rakesh Dwivedi read on Tuesday.

The altercation, which took place on the university premises, involved physical assault. The Hasanganj police registered a case under the Bharatiya Nyaya Sanhita (BNS), invoking Sections 191(2), 125, and 115(2).

The students have been suspended with immediate effect pending further investigation, Dwivedi said. The notice also read that suspended students who are hostel residents will have their room allotments cancelled. They are also barred from entering both campuses of the university and hostels.

"The students are required to appear in person before the chief proctor and submit a written explanation regarding their involvement within three working days. Failure to do so will be considered as no statement in their defence, and further disciplinary action will be initiated," the notice added.

SUSPENDED STUDENTS WHO ARE HOSTEL INMATES WILL HAVE THEIR ROOM ALLOTMENTS CANCELLED

{ LU SPORTS INFRA TO GET FILLIP }

The project is proposed to be completed in the next 3 months HT

Improved facilities for cricket, other games in the offing

Godhooli Sharma
godhooli.sharma@htlive.com

LUCKNOW: Ahead of the upcoming new session, Lucknow University has chalked out plans to boost its sports infrastructure. The move is in line with various awards and recognitions achieved by LU students in different tournaments over the last one year, according to vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai.

"Our students have done well in various sports and games in tournaments organised pan-India. The upgraded infrastructure will not just improve their performance but will also promote other athletes and young sportspersons," Rai said, adding the project is proposed to be completed in the next three months, using money from the PM USHA grant received by the university.

"The university will get a practice net for cricket, and indoor basketball, volleyball and badminton courts in the Tilak hostel specifically for girls. Besides, a basketball court will be established on the second campus of the university," Rai said.

Elaborating on the initiative, Lucknow University Athletic Association (LUAA) general secretary Prof Ajay Kumar Arya said the practice net will be installed in the Paranjpe Pavilion Ground. "Besides, a 10x43-feet turf pitch is being imported from Indonesia, and it will likely be installed next month. There will also be a robotic balling system and flood lights, allowing round-the-clock practice," Arya said.

He added that two curated black turf pitches of dimensions 15x23 feet each will be constructed at the Paranjpe Pavilion Ground under the supervision of former India-A player and former U.P. selector Obaid Kamal, and honorary mentorship of former international cricketer, junior Indian cricket team selector and former captain of UP Ranji team Gyanendra Pandey. "The construction of this pitch will also allow the university to efficiently organise cricket tournaments in the near future," Arya added.

आनलाइन पढ़ाई से पहले किया वर्चुअल टूर

जासं • लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय में एमकाम, एमबीए, एमएसडब्ल्यू, एमए (इंग्लिश, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान), बीकाम और बीबीए जैसे आनलाइन शिक्षा कार्यक्रमों में नवप्रवेशी छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया। आनलाइन माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इनमें वे छात्र भी शामिल थे जो वर्षों बाद दोबारा पढ़ाई की राह पर लौटे हैं। कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने छात्रों का स्वागत किया।

प्रति-कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने छात्रों को आनलाइन शिक्षा की महत्ता के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि भले ही छात्रों को परिसर आना अनिवार्य नहीं है, लेकिन परिसर के संसाधन, लाइब्रेरी और आयोजनों में भाग लेने के लिए उनके द्वार खुले हैं। आनलाइन शिक्षा निदेशक प्रो. पीयूष भार्गव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत क्रेडिट ट्रांसफर की व्यवस्था और आनलाइन शिक्षा की तकनीकी व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी।

JAGRAN CITY PAGE III

पीएम-उषा में मिलेंगे 100 नए कंप्यूटर, संवरेंगे आंगनबाड़ी केंद्र

जासं • लखनऊः पीएम-उषा योजना के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय को लगभग 100 नए कंप्यूटर मिलने जा रहे हैं, जिनका उपयोग छात्रों के कौशल विकास के लिए किया जाएगा। साथ ही पुराने कंप्यूटरों को मरम्मत कर आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को डिजिटल साक्षरता देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि विश्वविद्यालय में पहले से मौजूद कई पुराने कंप्यूटर अब छात्रों के लिए अधिक उपयोगी नहीं रह गए हैं। ऐसे कंप्यूटरों को चिन्हित कर मरम्मत की जा रही है और उन्हें फिर से कार्यशील बनाकर आंगनबाड़ी केंद्रों को सौंपा जाएगा। इस पहल की प्रेरणा राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल से मिली है। उनके मार्गदर्शन में 100 से अधिक कंप्यूटर आंगनबाड़ी केंद्रों को दिए जाएंगे, ताकि छोटे बच्चों को

कंप्यूटर की प्रारंभिक जानकारी दी जा सके और डिजिटल दुनिया से उनका परिचय हो सके। इस काम में विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी संकाय के छात्र विशेष भूमिका निभा रहे हैं। वे स्वयं इन पुराने कंप्यूटरों की मरम्मत कर उन्हें उपयोग योग्य बना रहे हैं और वितरण की व्यवस्था भी देख रहे हैं। इससे पहले भी विश्वविद्यालय आंगनबाड़ी केंद्रों को शैक्षिक किट (खिलौने और पुस्तकें) उपलब्ध करा चुका है। इसके अलावा टीवी से संक्रमित बच्चों को पोषण किट देना हो या गांव गोद लेना विश्वविद्यालय सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन में हमेशा आगे रहा है।

लवि से सात छात्र निलंबित, एक का पहले से ही प्रवेश प्रतिबंधित

जासं • लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय में नौ अप्रैल को छात्रों के गुट में मारपीट और अराजकता को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख दिखाया है। एक छात्र पर डंडे, ईंट और बेल्ट से जानलेवा हमला करने के मामले में सात छात्रों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। एक छात्र पर पहले से ही प्रवेश प्रतिबंधित है।

मारपीट के मामले में उसी दिन थाना हसनगंज में एफआइआर दर्ज कराई गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने कारण बताओ नोटिस जारी किया था, लेकिन समय सीमा के भीतर संतोषजनक स्पष्टीकरण न मिलने के कारण सात छात्रों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यदि ये छात्र छात्रावास में रह रहे हैं, तो उनके कमरों का आवंटन रद्द कर परिसर और छात्रावासों में प्रवेश से प्रतिबंधित कर दिया गया है। निलंबित छात्रों में बीकाम के छात्र आयुष पाठक, रितिक राय, बीए के छात्र विनय सिंह, बीए प्रथम वर्ष के छात्र मार्तण्ड विक्रम सिंह, बीए के छात्र विक्रांत सिंह, एमए के छात्र नंदित नारायण, एमए के छात्र यशराज सिंह शामिल हैं।

इसके अलावा इस घटना में शामिल एमए के छात्र अग्निवेश दुबे के खिलाफ पूर्व में ही निलंबन आदेश है, यह आगे भी जारी रहेगा। सभी निलंबित छात्रों को निर्देश दिया गया है कि वे इस घटना के संबंध में पत्र प्राप्ति के तीन कार्य दिवस के भीतर कुलानुशासक कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। यदि ऐसा नहीं किया गया, तो यह माना जाएगा कि छात्र के पास अपना बचाव पक्ष प्रस्तुत करने के लिए कुछ नहीं है, उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई कर दी जाएगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय में नौ अप्रैल को एक छात्र पर जानलेवा हमला के मामले में प्रशासन सख्त

राय, बीए के छात्र विनय सिंह, बीए प्रथम वर्ष के छात्र मार्तण्ड विक्रम सिंह, बीए के छात्र विक्रांत सिंह, एमए के छात्र नंदित नारायण, एमए के छात्र यशराज सिंह शामिल हैं।